## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लिंगानुपात के सर्वेक्षण में कालसी एवं डोईवाला क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

**बैठक**

## लड़कियों के स्कूलों में ही नही लड़के वाले स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम करें संचालित

**संवाददाता**

देहरादून। कलेक्ट्रेट सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ जिला टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने लड़कियों के बार में संवेदना प्रकट करने के लिए लड़कियों के स्कूलों में ही नही बल्कि लड़के वाले स्कूलों में भी जागरूकता कार्यक्रम संचालित करवायें। उन्होंने कहा कि आगंनवाड़ी कार्यकत्रियों व आशा कार्य कत्रियों के माध्यम से परिवारों में जन्म लेने वाले बेटा एवं बेटी वाले घरों में निशान लगायें साथ ही पोषण जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए कन्वर्जेंस करवायें। उन्होंने बताया कि जनपद में लिंगानुपात का गहन सर्वेक्षण करवाते हुए कालसी एवं डोईवाला क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों के स्कूल जाने से छूटने वाली बच्चियों को भी स्कूल तक पंहुचाने की जिम्मेदारी बाल विकास विभाग की है। इसके अलावा भीख मांगने वाली लड़कियों को भी स्कूलों तक पंहुचायें तथा ऐसे बच्चों के माता–पिता को भी स्कूलों में बुलायें।



बेटी बचाओ, बेटी पढाओ जिला टास्कफोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते डीएम।

उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कैरियर कांउसिलिंग कौशल विकास के लिए स्कूलों में पढने वाली छात्राओं को ब्रांड अम्बेस्डर बनायें। उन्होंने कहा कि परिवारों में प्रथम बच्ची के जन्म होने पर उन्हें बेबी किट भी प्रदान करें। इसके अलावा अन्तर्विभागीय जागरूकता कार्यक्रम चलायें साथ ही अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि गांव कस्बों में जन्म लेने वाली बच्चियों के लिए ग्राम पंचायतों नगर पालिकाओं में रजिस्टर बनाया जाय तथा लोगों से चर्चा की जाय। उन्होंने कहा कि महिला दिवस की पूर्व संध्या 7 मार्च को विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तीकरण के कार्यक्रम आयोजित किये जायं।

महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की द्वितीय किश्त की प्रस्तावित कार्य योजना की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास डॉ अखिलेश मिश्रा ने अवगत कराया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं, जिसमें बालिकओं के कल्याण कि लिए उत्तराखण्ड महिला समेकित योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कुपोषण प्रोपर न्यूट्रेशन प्रसवोत्तर कार्यक्रम तथा दो साल तक बच्चे तथा मॉ की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी जुटाते हुए उन्हें सरकारी सुविधाएं दी जा रही है। इसके अलावा शिक्षा ग्रहण करने से छूटे बालिकाओं को विद्यालयों में पुनः प्रवेश करने के साथ ही हिमोग्लोविन टेस्ट, आयरन फालिक दवा वितरण का कार्य भी चलाया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतना पड़ा महंगा, दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

**(संवाददाता)** रुद्रपुर। वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतना दरोगा समेत दो पुलिस कर्मियों को महंगा पड़ गया। एसएसपी बरिंदरजीत सिंह ने तत्काल प्रभाव से दोनों को लाइनहाजिर कर दिया है। वहीं एक अन्य मामले में सीओ के पेशकार को सस्पेंड कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश को एस्कॉर्ट देने में बाजपुर थाने में तैनात दरोगा मदन मोहन जोशी और संविदा में तैनात चालक दिनेश राणा ने लापरवाही बरती। जिन्हें एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं खटीमा सीओ महेश चंद्र बिनजोला के पेशकार गोपाल राम को विभागीय कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया गया है।

### स्टोन क्रेशर के संबंध में मंत्रीमण्डल की उप समिति की बैठक आयोजित

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड स्टोन क्रेशर, हाट मिक्स प्लांट, स्क्रीनिंग प्लांट, रेडमिक्स प्लांट से सम्बन्धित अनुज्ञा नीति–2019 के सम्बन्ध में गठित मंत्रीमण्डल की उप समिति की बैठक कृषि मंत्री की अध्यक्षता में विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास विभाग ओम प्रकाश और निदेशक अपर सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई मेहरबान सिंह बिष्ट द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्टोन क्रेशर स्क्रीनिंग से सम्बन्धित जिस बिन्दु पर संस्तुति देने के लिए मंत्रीमण्डलीय उप समिति का गठन किया गया है। उस सम्बन्ध में उच्च न्यायालय के राज्य सरकार को प्राप्त अद्यतन दिशा–निर्देशों के चलते आज कोई निर्णय नहीं लिया गया।

### मीडिया जिमेदारी से अपने दायितव का निर्वहन करें: राजेन्द्र जोशी

**(संवाददाता)** देहरादून। जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड की देहरादून जनपद इकाई के द्विवार्षिक अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उत्तराखंड विज्ञापन अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जोशी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है इसलिए इसकी जिमेदारी बहुत बड़ी है। पत्रकारिता एक दर्पण की तरह साफ होनी चाहिए यह प्रयास किया जाना चाहिए कि इससे समाज को नई दिशा मिले ताकि समाज मे व्याप्त बुराईयों को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके। मीडिया को अत्यन्त संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए। उज्जवल रेस्टोरेंट में आयोजित जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड जनपद इकाई के द्विवार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि समाचारों की विश्वसनीयता खत्म होती जा रही है।

## परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक और कस्टोडियनों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा आईटी पार्क सहस्त्रधारा रोड स्थित हिम ज्योति स्कूल में शिक्षा विभाग द्वारा परीषदीय परीक्षा–2020 के सफल सम्पादन के सम्बन्ध में आयोजित परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक और कस्टोडियनों के प्रशिक्षण की कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए उपस्थित सदस्यों को ब्रीफ किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले केन्द्र व्यवस्थापकों और कस्टोडियनों (वरिष्ठ प्रवक्ता) को ब्रिफ करते करते कहा कि परीक्षा को व्यवस्थित, शान्तिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पादित करवाने में सभी गंभीरता से कार्य करेंगे। सभी को यह जिम्मेदारी होगी कि परीक्षा पूरी तरह से नकलविहीन तरीके से सम्पादित हो तथा इसकी गोपनीयता हर हाल में बनी रहे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई कार्मिक परीक्षा के दौरान नकल करवाने और इसकी गोपनीयता भंग करने का दोषी पाया जायेगा उसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा।



बैठक लेते हुए मेलाधिकारी दीपक रावत।

## कुम्भ मेला कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिये टेक्नोलॉजी का उपयोग करें: दीपक रावत

**(संवाददाता)** हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी प्रशासन बी.के मिश्र ने आगामी हाई स्कूल परीक्षा 03 मार्च 2020 तथा इण्टरमीडियट परीक्षा 02.मार्च,2020 से प्रारम्भ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के सम्बंध में एक बैठक प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट शेलेन्द्र सिंह नेगी व मुख्य शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में ली। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल और नकल विहीन सम्पन्न कराने के लिए राज्य परीक्षा बोर्ड से मिले दिशा निर्देशानुसार सभी तैयारियां कर पूर्ण कर ले। इन परीक्षाओं के लिए जिले में 103 केंद्र बनाये गये हैं।

# चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चारधाम यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बैठकों में विभिन्न विभागों को चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुगमता, सुरक्षित और तीव्र मूवैलिटी के साथ संपादित करवाने के लिए जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

उन्होंने पर्यटन विभाग को चारधाम यात्रियों के सुगम पंजीकरण, जिसमें दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता और शीघ्रता से पंजीकरण करवाने और जरूरी स्थानों, वाहनों, ढाबों, स्टेशनों पर आपातकालीन नम्बरों को साईन बोर्ड के माध्यम से चस्पा करने के निर्देश दिये।

### आपातकालीन नम्बरों को साईन बोर्ड के माध्यम से चस्पा करने के निर्देश

पर्यटन विभाग को जिलापूर्ति अधिकारी के समन्वय से चारधाम यात्रा रूट के समस्त होटलों, रेस्टोरेंटो, ढाबों और जलपान केन्द्रों में रेट लिस्ट को अनिवार्यतः चस्पा करने के साथ ही रेट लिस्ट में वर्णित दरों के साथ के तहत् ही चार्ज वसुली को अनुपालन करवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि रेस्टोरेंट, होटल व ढाबों में खानपान व रहन–सहन साफ–सुथरा हो, किसी भी प्रकार की अवैध वसूली ना हो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी लेंगे। उन्होंने परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए वाहन चालकों तथा वाहनों की सही फिटनेस रखने और वाहन चालक लगातार वाहन चलाकर यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ ना कर सके। इसको रोकने के लिए ऐसा सक्षम यंत्र (मैकनिज्म) डेवलप करें, जिससे दुबारा वाहन चालक 24 घण्टे के बाद ही पर्याप्त आराम करने के पश्चात ही वाहन चलाये। इसके लिए उन्होंने सुरक्षा एप्प में साफ्टवेयर में ऐसा प्रावधान करने की बात कही जिससे 24 घण्टे के भीतर दुबारा वाहन चलाने वाला चालक चौकपोस्ट पर पकड़ में आ जाय। उन्होंने परिवहन विभाग व निगम को इस बात का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही, कि जिस रूट पर केवल एक ही बस/वाहन चलता हो उस रूट के वाहन को चारधाम यात्रा पर ना लगाया जाय।

## यूपी भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने विश्व शान्ति हवन व गंगा आरती में किया सहभाग

**(संवाददाता)**। ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में उत्तरप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव जी पधारे, परमार्थ गुरूकुल के ऋषिकुमारों और आचार्य ने उनका दिव्य स्वागत किया। स्वतंत्र देव जी ने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्षबजी से भेंट कर आशीर्वाद लिया। स्वामी जी ने स्वतंत्र देव जी से यमुना स्वच्छता के विषय में चर्चा करते हुये कहा कि यमुना स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि आगरा में ताज महल होने के कारण विश्व के अनेक देशों से पर्यटक वहां पर आते हैं साथ ही ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी मथुरा तथा वृंदावन हमारे पवित्र तीर्थ क्षेत्र है जहां पर लाखों की संख्या में देशी–विदेशी श्रद्धालु आते हैं, अतः यमुना सहित उस पूरे क्षेत्र के स्वच्छ, हरित विकास, एवं घाटों का सौन्द्रर्यीकरण करना जरूरी है। स्वामी जी ने कहा कि उत्तरप्रदेश में लघु और कुटीर उद्योगों की अपार सम्भावनायें हैय महिलाओं को इसके लिये प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाये ताकि वे आत्मनिर्भर हो सके।